अरबपतियों की लिस्ट में यूपी के उद्योगपति बढ़े

हुरुन इंटरनेशनल की ताजा सूची : अंतरराष्ट्रीय रिसर्च मैगजीन की लिस्ट में यूपी का नया कीर्तिमान, ईज आफ डूइंग और बेहतर कारोबारी हालात का असर, सालभर में 13 बढ़े, 34 हुए

अभिषेक गुप्ता


मुरलीधर ज्ञानचंदानी
1 14,000 करोड़

बिमल ज्ञानचंदानी
2 9,400 करोड़


दिनेश चंद्र अग्रवाल
3 5,700 करोड़

सचिन अग्रवाल
4 4,300 करोड़

अनिल कुमार सिंह
5 4,200 करोड़

नोएडा नंबर वन : यूपी के 34 अरबपतियों में से 10 नोएडा, 6-6 कानपुर व आगरा, 5 लखनऊ, 2 गाजियाबाद और 1-1 उद्योगपति फैजाबाद, इलाहाबाद, गोरखपुर, दादरी और अलीगढ़ से हैं। नंबर एक पर काबिज घड़ी ग्रुप के मुरलीधर ज्ञानचंदानी की नेटवर्थ 14 हजार करोड़ रुपये हो गई है। वहीं उनके भाई विमल ज्ञानचंदानी की नेटवर्थ 9400 करोड़ रुपये है।

>> लखनवी कुबेरों का दबदबा : माईसिटी

लखनऊ। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में इस बार उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग मारी है। इस साल देश के शीर्ष अरबपतियों की सूची में यूपी के 34 उद्योगपतियों ने अपनी जगह बनाई है। घड़ी साबुन वाले मुरली बाबू और उनके भाई विमल ज्ञानचंदानी यूपी के अरबपतियों की सूची में नंबर एक और दो के पायदान पर बरकरार हैं। दोनों भाइयों की संपत्ति 23,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गई है। नोएडा सबसे पसंदीदा शहर बनकर उभरा है। रिच लिस्ट में यूपी का बढ़ता दबदबा साफ तौर पर प्रदेश की बेहतर होती आर्थिक सेहत और इज ऑफ डूइंग का परिचायक है।

अंतरराष्ट्रीय मैगजीन हुरुन की अरबपतियों की सूची की पिछले साल से इस वर्ष तुलना करने पर यूपी के बेहतर कारोबारी माहौल की झलक दिख रही है। केवल एक साल में 13 नए अरबपति यूपी में तैयार हो गए। पिछले वर्ष जहां इस सूची में यूपी के उद्योगपतियों की संख्या 21 थी, वहीं इस बार यह बढ़कर 34 हो गई। उनकी कुल संपत्ति भी 67,000 करोड़ से उछलकर 87,000 करोड़ रुपये हो गई। पहली बार अलीगढ़, गोरखपुर, दादरी और फैजाबाद जैसे छोटे शहरों ने भी इस सूची में जगह बनाई। >> स्टार्टअप, निर्माण और इंजीनियरिंग सेक्टर की यूपी में अप्रत्याशित ग्रोथ : पेज 3